an>

title: Need to set up a Solar Park in Rohtas district, Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम (बिहार) के रोहतास जिलान्तर्गत बरकट्टा से लेकर रोहतास फोर्ट तक परती पड़ी जमीन में सोलर पार्क की स्थापना अति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि अधौरा प्रखण्ड (कैमूर) के कुल 108 गाँवों में मात्र 3 गाँवों का ही विद्युतीकरण हो पाया है, जिससे आदिवासी बाहुल्य यह इलाका अंधकार में डूबा हुआ है तथा रोहतास जिला के पिपरडीह एवं रोहतासगढ़ पंचायत में वन विभाग के अवरोध के कारण वहाँ विद्युतीकरण नहीं हो पा रहा है।

सोलर पार्क की स्थापना के लिए 500-1000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है, जिसकी पर्याप्त उपलब्धता है एवं रोहतास फोर्ट परिसर लगभग 28 मील की परिधि में फैला हुआ है।

सोलर पार्क की स्थापना से बिजली एवं पानी से वंचित पिछड़े क्षेत्र की बड़ी आबादी को रोशनी मिलेगी। बिजली एवं पानी के अभाव में यहाँ के नागरिकों का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास अवरूद्ध है तथा विकास की मुख्य धारा से सर्वथा वंचित होने के कारण इनका भविष्य अंधकारमय है। बुनियादी सुविधाओं से वंचित होने के कारण यह क्षेत्र उग्रवाद की समस्या से बुरी तरह प्रभावित है।

विकास से वंचित समाज के उत्थान हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी के दृढ़ प्रतिज्ञ नेतृत्व में इस महत्वपूर्ण जन-समस्या का संज्ञान लेना अनिवाय प्रतीत होता है।

अतः मेरा विशेष अनुरोध है कि सोलर पार्क की स्थापना हेतु यथाशीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने की कृपा की जाए।